हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 6 जून 2025

11 अवैध रूप से बनी इंटरलॉक टाइल फैक्ट्री और बिस्कुट फैक्ट्री...



12 जिले में चला 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, अधिकारियों से...



## खबर संक्षेप

### नहरों पर नहाने पर प्रतिबंध, होगी कार्रवाई

**फतेहाबाद।** जिलाधीश मनदीप कौर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 29 मई से जिला में किसी भी व्यक्ति द्वारा नहरों में नहाने पर प्रतिबंध लगाया है। आदेशों की अवहेलना करने पर वह भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अनुसार दंड का भागी होगा।

### डोडा पोस्त सहित एक युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** नशामुक्त अभियान के तहत रतिया पुलिस ने एक युवक को कचरा डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान बलराम उर्फ बल्ला पुत्र हनुमान निवासी खेत ढाणी, अलालवास के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना शहर रतिया में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम एसआई सुबे सिंह के नेतृत्व में गश्त पर थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### कालांवाली नपा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू

**कालांवाली।** हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा कालांवाली नगरपालिका के चुनाव की घोषणा के साथ ही क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आदर्श आचार संहिता की दृढ़ता से पालना करें। इसके अलावा चुनाव संपन्न होने तक कोई भी नई योजना लागू नहीं की जा सकती है और न ही किसी फंड से संबंधित क्षेत्र के लिए राशि मंजूर की जा सकती है।

### पिता-पुत्र को चूरापोस्त सहित किया गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम ने रानियां थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान बाइक सवार पिता-पुत्र को 05 किलो 10 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम हारनी खुर्द रोड पर घग्गर बांध पर नाकाबंदी कर आने जाने वाले वाहनों की गहनता से चैकिंग कर रही थी। इसी दौरान बाइक सवार पिता-पुत्र को 5 किलो 10 ग्राम चूरापोस्त सहित काबू किया।

### मासूम का सिर बैंच पर मारने पर शिक्षक काबू

**फतेहाबाद।** गांव लाली के सरकारी स्कूल में होमवर्क न करने पर एक छात्रा का सिर पकडक़र मेज पर मारने और उसका दांत तोडऩे के मामले में कार्रवाई करते हुए रतिया पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कृष्ण कुमार पुत्र सुमेर सिंह निवासी कितलाना जिला भिवानी के रूप में हुई है।

### 3 साल पुराने वाहन चोरी के मामले में युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों की धरपकड़ को लेकर दिए निर्देशों पर कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान हरमन सिंह उर्फ काकू पुत्र प्रगट सिंह निवासी वार्ड नं. 4, रतिया के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इस बारे पुलिस ने 28 मई 2022 को गांव दौलतपुर निवासी सुनील कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह अपने मोटरसाइकिल को बस अड्डा परिसर में लॉक करके बस में सवार होकर दिल्ली चला गया था। दोपहर को जब उसका चचेरा भाई मोटरसाइकिल लेने आया तो देखा कि वहां से उसका मोटरसाइकिल चोरी हो गया था। इस पर उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई।

## चोपटा में हल्की बारिश से फसलों को फायदा, गर्मी से मिली राहत, मात्र 27 हजार हेक्टेयर में हुई बिजाई, 35 हजार हेक्टेयर जमीन अभी भी खाली

नरमे की बिजाई का समय बिता, अब ग्वार, बाजरे की बिजाई का समय बचा

हरिभूमि न्यूज ⏭चोपटा

राजस्थान की सीमा से सटे सिरसा जिला के पैंतालिसा क्षेत्र में को हुई हल्की बारिश से जहां एक और गर्मी से राहत मिली वहीं करीब 27000 हेक्टेयर में सावनी की फसल को भी फायदा हुआ है। क्षेत्र में अब तक 23000 हेक्टेयर में बीटी नरमा, 3000 हजार हेक्टेयर में देशी कपास, 320 हेक्टेयर में मूंगफली, 80 हेक्टेयर में समर मूंग और 100 हेक्टेयर में बाजरा, 300 हेक्टेयर में चा ज्वार, और मात्र 10 हेक्टेयर में धान फसल की बिजाई की गई है. इस फसल को तो बारिश से संजीवनी मिल गई है। लेकिन इस बार नहरी पानी की कमी के कारण 35 हजार हेक्टेयर जमीन अभी खाली पड़ी है, किसानों को इस जमीन में बिजाई के लिए अभी ज्यादा बारिश का इंतजार है. अब बीटी नरमे की बिजाई का समय तो जा चूका है अब तो ग्वार या बाजरे की ही बिजाई हो सकेगी।

### बारिश से सावनी की फसल को मिलेगा फायदा, किसानों को ज्यादा बारिश का इंतजार

**किसानों ने कहा, नहरी पानी में कटौती से बिजाई का क्षेत्रफल घटा**

किसानों का कहना है की क्षेत्र में बारिश से देशी कपास व बीटी नरमे की फसल को राहत मिली है, वहीं लोगों को गर्मी से भी निजात मिली है। किसान महेंद्र सिंह, शिव शंकर, राकेश कुमार, जगदीश, राम कुमार ने बताया कि इस समय हो रही हल्की बारिश से सावनी की फसल को काफी फायदा होगा। किसानों का कहना है कि पिछले कई दिनों से धूल भरी आंधी चल रही थी जिसकी वजह फसलों को काफी नुकसान हो रहा था। अब जो बारिस हुई है इससे धूल मिटी के साथ साथ गर्मी से भी निजात मिली है। अब किसानों को फसल का उत्पादन भी ठीक होने की उम्मीद बढ़ गई है। इनका कहना है की इस बार नहरी पानी में कटौती से बिजाई का क्षेत्रफल घट गया है। अब ग्वार बाजरे की ही बिजाई की जा सकेगी। राजस्थान की सीमा से सटे पैतालिसा क्षेत्र के कागदाना, कुम्हारिया, खेड़ी, चाहरवाला, जोगीवाला, रामपूरा नवाबाद, जसानियां, राजपुरा साहनी, गुसाई आना, बकरियांवाली, गुडिया खेड़ा, माधोसिंघाना, दूकड़ा सहित कई सहित कई गांवों में हल्की बारिश हुई। गौरतलब है कि ये गांव नहरों के अंतिम छोर पर पडने के कारण इन गांवों की अधिकतर जमीन बिरानी है तथा सावनी की फसल मानसून की बारिश पर आधरित होती है। किसानों ने बीटी नरमें व देशी कपास की बिजाई तो कर दी। लेकिन नहरी पानी के अभाव के कारण उसमें सिंचाई नहीं हो पा रही थी। किसानों का कहना है कि बारिश फसलों के लिए तो फायदेमंद है।



सिरसा। चोपटा क्षेत्र के गांव कुम्हारिया में बारिश के बाद नमी की जांच करता किसान रामदयाल। *फोटो: हरिभूमि*

**क्या कहते है कृषि विकास अधिकारी**

कृषि विकास अधिकारी डा. शैलेंद्र सहारण ने कहा कि अभी बारिश का मौसम शुरू हुआ है। बारिश सावनी की फसल के लिए फायदेमंद है। इस बार अभी तक करीब 27000 हेक्टेयर में सावनी की फसल को भी फायदा हुआ है। क्षेत्र में अब तक 23000 हेक्टेयर में बीटी नरमा, 3000 हजार हेक्टेयर में देशी कपास, 320 हेक्टेयर में मूंगफली, 80 हेक्टेयर में समर मूंग और 100 हेक्टेयर में बाजरा, 300 हेक्टेयर में चा ज्वार और मात्र 10 हेक्टेयर में धान फसल की बिजाई की गई है। खंड के 55 गांवों में करीब 62000 हेक्टेयर में बिजाई की जाती है, अभी भी करीब 35000 हेक्टेयर जमीन खाली पड़ी है और नरमे की फसल बिजाई का समय बीत चूका है अब बारिश होने पर ग्वार, बाजरा, मूंग की बिजाई ही की जा सकती है।

## कोरोना को लेकर फतेहाबाद का स्वास्थ्य विभाग कतई गंभीर नहीं

# आरटीपीसीआर किट का टोटा, कोरोना आशंकित मरीज की नहीं हो सकती जांच

कई सालों से जंग खाई पुरानी मशीनरी को पुर्नजीवित करने के किए जा रहे प्रयास

सुरेन्द्र असीजा ⏭फतेहाबाद

प्रदेश में कोरोना के मामलों की बढ़ती रफ्तार के बावजूद फतेहाबाद का स्वास्थ्य विभाग इसे लेकर बिलकुल गंभीर नजर नहीं आ रहा। खास बात यह है कि यहां आरटीपीसीआर सैम्पल लेने की व्यवस्था तक नहीं है। न ही विभाग के आरटीपीसीआर किट है। यानि कोरोना जांच के लिए कोई मरीज आता है तो स्वास्थ्य विभाग के पास न लैब है और ही टेस्टिंग किट। ऐसे में उसे यहां से अग्रोहा रेफर करने की तैयारी की जा रही है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि उन्होंने कोरोना टेस्ट के लिए रेपिड किट की डिमांड भेजी हुई है। कोरोना टेस्टिंग को लेकर फतेहाबाद स्वास्थ्य विभाग का अग्रोहा मेडिकल कॉलेज से भी टाईअप हो चुका है। विभाग के पास फतेहाबाद, रतिया व टोहाना में पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन प्लांट व सिलैण्डर उपलब्ध हैं। स्वास्थ्य विभाग ने जिला नागरिक अस्पताल में 20 बेड का आइसोलेशन वार्ड व फ्लू कॉर्नर स्थापित कर दिया गया है। तीनों ऑक्सीजन का प्लांट चालू है। कोरोना की किट न होने पर अधिकारियों का कहना है कि टेस्टिंग के लिए रेपिड किट की डिमांड भेजी हुई है। जब तक सामान नहीं आता, तब तक सैम्पल लेकर उन्हें जांच के लिए अग्रोहा भेजा जाएगा। अस्पताल में मास्क और सैनिटाइजर के प्रबंध किए जा रहे हैं। अस्पताल में खांसी, जुकाम व बुखार के केस को लेकर अलग से ओपीडी शुरू की गई है। जिले में कोरोना महामारी की शुरूआत से लेकर अब तक विभाग की ओर से 4 लाख 35 हजार लोगों के सैंपल लिए गए हैं। इसमें से करीब 20 हजार लोग कोरोना संक्रमित पाए गए थे, जबकि करीब 500 लोगों की कोरोना महामारी के कारण मौत की हो चुकी है। हालांकि, राहत की बात यह है कि वर्तमान समय में कोरोना का कोई भी केस नहीं है।



फतेहाबाद। नागरिक अस्पताल में कोरोना से निपटने के लिए रिजर्व किए गए वेंटीलेटर बैड। *फोटो: हरिभूमि*

### स्वास्थ्य विभाग पुरानी मशीनरी पर निर्भर

कोरोना को लेकर स्वास्थ्य विभाग पिछली मशीनरी पर ही डिपेंड है। कई सालों से जंग खाए यह मशीनरी को पुर्नजीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। अस्पताल में आइसोलेशन वार्ड स्थापित किया गया है। इसमें 10 बैड रिजर्व रखे गए हैं। किसी भी संक्रमित व्यक्ति को यहां एडमिट किया जा सकता है। सिर्फ जांच के लिए आए व्यक्ति के लिए जनरल ओपीडी के रूम नं. 11 में फ्लू कॉर्नर स्थापित कर दिया गया है। फ्लू कॉर्नर में एक डॉक्टर व एक एलटी की ड्यूटी रहेगी।

### किट न मिलने तक अग्रोहा रेफर होंगे आशंकित मरीज

कोरोना की जांच के लिए अग्रोहा मेडिकल कॉलेज के साथ टाइअप हुआ है। दरअसल, फतेहाबाद में कोरोना जांच किट, एंटीबैटिक व पीपीई किट इत्यादि सामान की कमी है। रेपिड टेस्टिंग किट के लिए डिमांड भेजी गई है। किट आने के बाद मरीज संभावित मरीज के उसके सैम्पल लेकर जांच के लिए अग्रोहा भेजे जाएंगे। जब तक किट नहीं आती, मरीजों की अग्रोहा मेडिकल में ही जांच होगी। अस्पताल में मास्क और सैनिटाइजर के प्रबंध पूरे हैं। खांसी, जुकाम व बुखार के मामले आने पर जांच के निर्देश दिए गए हैं। ओपीडी में चिकित्सकों को अलर्ट किया है। **-डॉ. विष्णु मित्तल**, जिला महामारी अधिकारी, फतेहाबाद

### रेपिड टेस्टिंग किट की डिमांड भेजी गई


अभी तक जिला अस्पताल में कोरोना की जांच के लिए कोई मरीज नहीं आया। कोरोना की जांच के लिए आवश्यक सामान व टेस्टिंग किट की डिमांड मुख्यालय को भेजी गई है। जब तक सामान नहीं आता, तब तक जिला अस्पताल में कोरोना टेस्टिंग नहीं की जाएगी। सामान आने के बाद यहां टेस्टिंग शुरू होगी।



टोहाना। सरकारी अस्पताल का निरीक्षण करते सीएमओ। *फोटो: हरिभूमि*

### सीएमओ ने टोहाना नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर कोविड तैयारियों का लिया जायजा

**टोहाना।** सिविल सर्जन डॉ. कुलप्रतिभा ने आज टोहाना के नागरिक अस्पताल का निरीक्षण कर यहां कोविड से निपटने को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उनके साथ जिला नोडल अधिकारी डॉ. विष्णु मित्तल और सीनियर मेडिकल ऑफिसर डॉ. कुणाल वर्मा भी मौजूद रहे। सिविल सर्जन ने अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट का निरीक्षण किया। साथ ही कोविड मरीजों के लिए तैयार किए गए वार्ड की व्यवस्थाएं देखीं। सिविल सर्जन ने खुद ऑक्सीजन कंसंट्रेटर को चलाकर देखा ताकि सही समय पर प्रयोग में आ सके। इस दौरान नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉ. कुणाल वर्मा ने सीएमओ को बताया कि ऑक्सीजन प्लांट पूरी तरह कार्यरत है। गंभीर मरीजों के लिए 6 बेड और निगरानी के लिए 6 अतिरिक्त बेड तैयार किए गए हैं। अस्पताल में 23 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर और 123 ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध हैं।



फतेहाबाद। आईएफसी की महिलाओं को चेक वितरित करते जिप सीईओ सुरेश कुमार। *फोटो: हरिभूमि*

## आईएफसी की महिलाओं को बांटे 10-10 लाख रुपये के चेक

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम आयोजित

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा डीपीआरसी भवन परिसर में वीरवार को जिला स्तरीय विशेष पौधा रोपण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार रहे। इस जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुरेश कुमार ने डीपीआरसी भवन परिसर में पौधा रोपण किया तथा उपस्थित महिलाओं को पौधे वितरित किए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण बारे संदेश देते हुए महिलाओं को पौधे रोपण करने व आगामी दो साल तक इन पौधों की देखभाल करने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने खंड भूना व भट्टू में बनाए गए आईएफसी (इंटीग्रेटिड फार्मिंग कलस्टर) की महिलाओं को 10-10 लाख रुपये की राशि के चैक वितरित किए गए।

### सिधमुख भाखड़ा नहर में डूबा बैंक सेल्समैन

**भूना।** सनियाना गांव के पास सिधमुख भाखड़ा नहर में बुधवार देर शाम इंडस बैंक नरवाना का 23 वर्षीय क्षेत्रीय सेल्समैन हर्ष कुमार संदिग्ध हालात में डूब गया। उसके साथ मौजूद कुरुक्षेत्र निवासी सहयोगी आशीष ने बचाने की कोशिश की। शोर मचाया। मगर पानी का बहाव तेज था इस कारण हर्ष बह गया। घटना की जानकारी मिलते ही थाना अध्यक्ष सुरेंद्रा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। चार गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान शुरू किया गया। दो गोताखोर ऑक्सीजन सिलेंडर के साथ नहर की गहराई में उतरकर लगातार कई घंटे तलाश करते रहे। वीरवार देर शाम तक भी हर्ष का कोई सुराग नहीं मिला। हर्ष कुमार उत्तर प्रदेश के शामली जिले के लिलोन गांव का रहने वाला है। करीब 7 महीने पहले इंडस बैंक नरवाना में क्षेत्रीय सेल्समैन की नौकरी पर लगा था।



फतेहाबाद। पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों को आश्वासन देते डीडीपीओ।

## पेयजल संकट को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- उपायुक्त से मिलने पहुंची गांव की महिलाएं

जिले के गांव ढाणी छतरियां के लोगों को इन दिनों पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस मामले में गांव की काफी संख्या में महिलाएं डीसी से मिलने फतेहाबाद पहुंची और ज्ञापन सौंपकर पानी की समस्या के समाधान के लिए 300 फुट पाइप लाइन बिछवाने की मांग की है। डीसी ने तत्काल पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों को तलब कर लिया। इससे पूर्व ग्रामीणों ने लघु सचिवालय में नारेबाजी कर रोष भी जताया। बाद में डीडीपीओ अनूप कुमार भी ग्रामीणों से मिले और उन्होंने जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। महिलाओं ने बताया कि गांव ढाणी छतरियां में 50-60 घरों में पीने के पानी की काफी गंभीर समस्या बनी हुई है। इसको लेकर 2 जून को भी उन्होंने उपायुक्त कार्यालय में शिकायत दी थी। इसके बाद पब्लिक हैल्थ विभाग के जेई ने मौका का मुआयना किया था और कहा था कि इस पाइप लाइन को जोड़ने में समय लगेगा। ग्रामीणों ने कहा कि गर्मियों में पानी न मिलने से ग्रामीण परेशान हैं। उन्हें पीने के लिए काफी दूर से पानी लाना पड़ रहा है वहीं पशुओं के लिए भी पीने का पानी नहीं है क्योंकि तालाब भी सूखे पड़े हैं।

## हिसार जिला कारागार में फतेहाबाद पुलिस ने चलाया तलाशी अभियान

**फतेहाबाद।** पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के मार्गदर्शन तथा डीएसपी संजय के नेतृत्व में हिसार जिला कारागार में एक सघन तलाशी अभियान चलाया गया। यह अभियान जेल परिसर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा, अवांछनीय गतिविधियों पर नियंत्रण और संभावित आपराधिक जोखिमों को रोकने के उद्देश्य से चलाया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को परखना, प्रतिबंधित सामग्री की संभावित बरामदगी सुनिश्चित करना एवं किसी भी आपराधिक गतिविधि को रोकना था। संयुक्त टीमों ने बैरकों, शौचालयों, रसोईघर, गलियारों और अन्य संवेदनशील स्थानों की गहन जांच की। एसपी सिद्धांत जैन ने जेल में बंद अपराधियों की न्यायालय में पेशी के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु सख्त निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि यह प्रक्रिया सुचारु, सुरक्षित और समयबद्ध रूप से संचालित हो रही है या नहीं।

## वाहन पंजीकरण फर्जीवाड़ा मामले में आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

- सीएम फ्लाइंग की शिकायत पर अप्रैल 2021 में केस दर्ज हुआ था

शहर के बहुचर्चित वाहन पंजीकरण में फर्जीवाड़े के पुलिस ने एक ओर आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान राजेश खटक पुत्र रामप्रसाद निवासी हुडा सैक्टर-3, फतेहाबाद के रूप में हुई है। इस फर्जीवाड़े में तीन पूर्व एसडीएम, 2 रजिस्ट्री क्लर्क सहित 8 लोग फंसे थे। इन पर सीएम फ्लाइंग की शिकायत पर अप्रैल 2021 में केस दर्ज हुआ था। अब तक इस मामले में 14 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। गौरतलब है कि इस मामले में शहर पुलिस ने सीएम फ्लाइंग के एसआई राजेश कुमार की शिकायत पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने दो पूर्व एसडीएम सतबीर जांगू व सुरजीत नैन, मौजूदा एचसीएस अधिकारी संजय बिश्नोई, दो क्लर्क ओमप्रकाश सिहाग व राजेश खटक और तीन अन्य शमशीर आलम, रमेश व भीम सिंह सहित 8 लोगों पर धोखाधड़ी सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था।

### नगर पालिका ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# आधा दर्जन दुकानों से जब्त किया सामान

- नगरपालिका की इस कार्रवाई के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्ती करनी शुरू कर दी है। आज नगर पालिका कर्मचारियों ने मेन बाजार, नए बस स्टैंड के पास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया और अतिक्रमण करने वाले आधा दर्जन दुकानदारों का सामान भी जब्त किया। नगरपालिका की इस कार्रवाई के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया लेकिन नगर पालिका अधिकारियों के जाने के बाद दुकानदारों ने फिर से अतिक्रमण कर लिया। अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई का नेतृत्व नगर पालिका सचिव शुभम कुमार ने किया।



रतिया। अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते नगर पालिका के कर्मचारी।

### अतिक्रमण के कारण ट्रैफिक जाम की समस्या गंभीर

बता दें कि एसडीएम सुरेश कुमार को लगातार शिकायतें मिल रहीं थीं कि शहर में काफी दुकानदारों द्वारा दुकानों के आगे कई फुट सामान रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है। इस कारण ट्रैफिक जाम की समस्या गंभीर हो गई है। इस पर उन्होंने नगर पालिका अधिकारी शुभम कुमार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। आज नगर पालिका सचिव शुभम कुमार, सफाई दरोगा मुकेश कुमार, भूपसिंह, सत्यवान आदि के नेतृत्व में नगर पालिका के कर्मचारियों ने पहले मेन बाजार में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान नगर पालिका कर्मचारियों ने करीब कई दुकानों के आगे रखे सामान को जब्त कर लिया और बोर्ड भी उखाड़ दिए। इसके बाद नए बस स्टैंड के पास भी दुकानों से सामान उठाया और उसे जब्त कर लिया। नगर पालिका सचिव शुभम कुमार ने बताया कि नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दुकानदारों को बार-बार चेतावनी भी दी जा रही है कि वह अतिक्रमण न करें अन्यथा उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

टूरिस्ट स्पॉट्स / रजनी अरोड़ा



हमारे देश में ऐसे कई गार्डन हैं, जो अपनी नायाब खूबसूरती के लिए मशहूर हैं। इन गार्डंस में जो भी जाता है, यहां की खूबसूरती देखकर मंत्रमुग्ध हो जाता है। जानो, देश के इन अमेजिंग गार्डंस के बारे में कि ये किन विशेषताओं के कारण मशहूर हैं।

# अमेजिंग-अट्रैक्टिव गार्डंस

## मुगल गार्डन श्रीनगर

**धरती का** स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर में स्थित इस गार्डन को 17वीं शताब्दी में मुगल सम्राट जहांगीर ने बनवाया था। संपूर्ण मुगल गार्डन में शालीमार गार्डन, चश्म-ए-शाही, निशात बाग जैसे कई खूबसूरत गार्डंस हैं। मुगल गार्डन अपने आश्चर्यजनक आर्किटेक्ट, फूलों की क्यारियों और पास बहने वाली डल झील के लिए मशहूर है। मुगल गार्डन में शालीमार बाग सबसे बड़ा और लोकप्रिय गार्डन है। यह फारसी और मुगल शैली में बना एक बेहतरीन पहाड़ी गार्डन है। इसमें 4 सीढ़ीदार लॉन हैं, जिसमें सबसे ऊपरी लॉन केवल मुगल शासकों और उनकी रानियों के लिए बनाया गया था। यहां अलग-अलग डिजाइन के फव्वारे भी बनाए गए हैं, जो गार्डन की खूबसूरती को बढ़ाते हैं। निशात बाग पारंपरिक शैली में बना दूसरा बड़ा मुगल गार्डन है। यह श्रीनगर से 11 किलोमीटर दूर डल झील के पूर्वी हिस्से पर बना हुआ है। इस गार्डन से तुम डल झील की खूबसूरती को भी निहार सकते हो। इस सीढ़ीदार गार्डन के एक तरफ झील और दूसरी तरफ हिमालय की चोटी दिखाई पड़ती है।



## बॉटेनिकल गार्डन कोलकाता

**कोलकाता के** बॉटेनिकल गार्डन की स्थापना 1787 में रोबोट किड द्वारा की गई थी। यह गार्डन 109 हेक्टेयर में फैला हुआ है, जिसकी देख-रेख बॉटेनिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा की जाती है। इस गार्डन की सबसे खास बात यह है कि यहां लोगों को दुनिया का सबसे बड़ा बरगद का पेड़ देखने को मिलता है, जिसकी चौड़ाई 330 मीटर से अधिक है।

## रॉक गार्डन चंडीगढ़

यह गार्डन चंडीगढ़ के प्रमुख पर्यटन स्थलों में से एक है। इसका निर्माण नेक चंद सैनी ने करवाया था, इसीलिए इसे 'नेक चंद सैनी गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। रॉक गार्डन किसी भूल-भुलैया जैसा है। इस गार्डन की खासियत है कि इसे पूरी तरह से शहरी और औद्योगिक कचरे के स्क्रैप, जैसे- टूटे-फूटे कांच, पुरानी चूड़ियां, टाइल्स, क्रॉकरी, मार्बल्स आदि को रिसाइकल करके बनाया गया है। यह गार्डन ईको-टूरिज्म का बेहतरीन उदाहरण है।



## बृंदावन गार्डन मैसूर

यह मैसूर से 20 किमी दूर कावेरी नदी में बने कृष्णराज सागर डैम के पास बना है। यह गार्डन इतना बड़ा है कि इसमें 20 लाख से भी ज्यादा लोग एक साथ घूम सकते हैं। इस गार्डन को कश्मीर के शालीमार गार्डन की तरह मुगल स्टाइल और आधुनिक बागवानी तकनीक के तालमेल से बनाया गया है। यह अपने आइसोमीट्रिक डिजाइन, सीढ़ीदार बगीचों और लाइट से जगमगाते म्यूजिकल फव्वारों की खूबसूरती के लिए मशहूर है, जो रात में एक जादुई माहौल बनाते हैं।





## बॉटेनिकल गार्डन ऊटी

यह भारत के सबसे बड़े बॉटेनिकल गार्डन में से एक है। 1848 में बनाया गया यह बॉटेनिकल गार्डन 22 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैला हुआ है। गार्डन की छोटी-बड़ी क्यारियों में पेड़-पौधों की 650 से अधिक किस्में मिलती हैं। यहां 20 लाख साल पुराने पेड़ का जीवाश्म संजो कर रखा गया है। इस गार्डन में 2000 से भी अधिक विदेशी प्रजाति के पेड़-पौधे हैं। गार्डन में बनी छतरीनुमा बैठने की जगह पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है, जो उन्हें कुछ पल वहां रुकने के लिए मजबूर कर देती हैं। हर साल मई के महीने में यहां समर फेस्टिवल मनाया जाता है। इस गार्डन का खास आकर्षण फ्लॉवर शो है। इस गार्डन की देख-रेख तमिलनाडु सरकार का हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट करता है।

## हैंगिंग गार्डन मुंबई

यह गार्डन मालाबार हिल के पश्चिमी छोर पर कमला नेहरू पार्क के बगल में स्थित एक टेरेस गार्डन है। इसका निर्माण साल 1881 में उल्हास घाटकोपर द्वारा करवाया गया था। आज यह मुंबई के प्रसिद्ध पर्यटक स्थलों में से एक है। इसे 'फिरोजशाह मेहता गार्डन' के नाम से भी जाना जाता है। इस गार्डन का प्रमुख आकर्षण 'ओल्ड लेडी शू' है। शाम के समय इस पार्क में अरब सागर पर सूर्यास्त का नजारा देखते ही बनता है, जिसे देखने के लिए यहां पर्यटकों का तांता-सा लगा रहता है। *



# एस्टिवेशन के जरिए अपने आपको भीषण गर्मी से बचाते हैं कुछ जंतु

बच्चो, कई जंतु गर्मी के मौसम में अपने आपको बहुत शिथिल और निष्क्रिय कर लेते हैं। ऐसा करके वे प्रतिकूल मौसम में अपने आपको बचाते हैं। इस प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं। जानो, क्या है एस्टिवेशन और इससे इन जंतुओं को क्या लाभ मिलता है?

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, गर्मी के मौसम में अगर तुम कभी जू गए हो, तो तुमने घड़ियाल को दलदल-कीचड़ में, जलाशय के पास मुंह फाड़े आलस्य की अवस्था में पड़े देखा होगा। काफी देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं होती। घड़ियाल को इस अवस्था में देखकर यह संदेह होता है कि कहीं वह मर तो नहीं गया? या फिर यह पत्थर की बनी घड़ियाल की आकृति तो नहीं है? दरअसल, गर्मी के मौसम में घड़ियाल एस्टिवेशन की प्रक्रिया से गुजर रहा होता है।

**क्या है एस्टिवेशन:** गर्मी के महीनों में बहुत-से जंतु अपनी शारीरिक गतिविधि धीमी या बंद कर देते हैं। इस दौरान वे बिल्कुल शिथिल होकर किसी छायादार, जलमग्न या ठंडी जगह पर पड़े रहते हैं या सोए रहते हैं। ऐसा वे खुद को रिलैक्स करने और ऊर्जा बचाने के लिए करते हैं। इस पूरी प्रक्रिया को एस्टिवेशन या ग्रीष्म निष्क्रियता कहते हैं।





**क्यों करते हैं एस्टिवेशन:** कुछ जंतु एस्टिवेशन इसलिए करते हैं ताकि भयंकर गर्मी में खुद को सुरक्षित रख सकें। एस्टिवेशन की प्रक्रिया के दौरान जंतु के शरीर में कई तरह के परिवर्तन भी होते हैं। ज्यादातर जंतुओं में मेटाबॉलिक दर कम हो जाती है। हार्ट बीट और ब्रीदिंग भी काफी धीमी हो जाती है। एस्टिवेशन गर्मी के मौसम में जानवरों को डिहाइड्रेशन से भी बचाता है।

**कौन से जंतु करते हैं एस्टिवेशन:** एस्टिवेशन वर्टिब्रेट्स (कशेरुकी यानी रीढ़ की हड्डी वाले) और इनवर्टिब्रेट्स (अकशेरुकी यानी बिना रीढ़ की हड्डी वाले) दोनों प्रकार के जंतु करते हैं। ये जलीय, स्थलीय या उभयचर हो सकते हैं। घड़ियाल, कछुआ, मेंढक, सांप की कई प्रजातियां, लंग फिश, लेडी बीटल, मच्छर, हनी एंट, पतंगे, केंचुए, घोंघे, केकड़े जैसे कई जंतु गर्मी के मौसम में एस्टिवेशन करते हैं। *

## हमिंग बर्ड, ड्वार्फ लेमूर भी करते हैं एस्टिवेशन

पक्षियों में हमिंग बर्ड भी एस्टिवेशन करता है। दरअसल, हमिंग बर्ड में मेटाबॉलिज्म (चयापचय) बहुत तेजी से होता है, जिसके लिए उसे अत्यधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है। गर्मी के मौसम में जब हमिंग बर्ड को कम भोजन मिलता है, तो वह कुछ समय के लिए एस्टिवेशन में चला जाता है ताकि वह अपनी ऊर्जा बचा सके। इसी तरह ड्वार्फ लेमूर भी गर्म और शुष्क मौसम में खुद को जीवित रखने के लिए एस्टिवेशन का सहारा लेता है। ड्वार्फ लेमूर तो कई बार सात महीने तक एस्टिवेशन में रहता है।



तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती-सिखाती कहानियां

बच्चो, हाल में ही दस मजेदार कहानियों की किताब 'बादल रोने लगा' छपकर आई है। इस किताब के लेखक प्रसिद्ध बाल-साहित्यकार संजीव जायसवाल 'संजय' हैं। किताब की लगभग सारी कहानियां ऐसी हैं, जिन्हें पढ़ने में तुमको मजा तो आएगा ही, बुरी आदतों से दूर रहने की सीख भी मिलेगी। पहली कहानी 'पिंटू आइस पार्लर' में चालाक जंबो हाथी को जंगल के मंत्री भालू दादा कैसे सबक सिखाते हैं, यह पढ़ सकते हो। 'बादल रोने लगा' एक भोले-भाले बादल के टुकड़े की प्यारी सी कहानी है। खेती करने के लिए हल और बैल में से किसान के लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण होता है, इसका जवाब तुम 'हल और बैल' कहानी में जान सकते हो। कुछ इसी तरह सिलाई करने वाली सूई के घमंड का क्या परिणाम होता है, इसे 'नाली में सूई' कहानी में पढ़ सकते हो। खुद को दूसरे से श्रेष्ठ मानने वाली सब्जियों के आपसी विवाद की मजेदार कहानी 'सब्जियों का राजा कौन' है। चुन्नी नाम की गिलहरी को अपनी नासमझी का क्या परिणाम भुगतना पड़ता है, इसे गुदगुदाने वाली कहानी 'कटहल ने दौड़ाया' में पढ़ सकते हो। इसी तरह 'जलेबी और समोसा' कहानी पढ़कर भी तुमको मजा आएगा। इसमें एक ऐसे लापरवाह मिठाई वाले का किस्सा है, जो साफ-सफाई का ध्यान नहीं रखता है। उसकी दुकान में रखे समोसे और जलेबी की बातचीत बहुत रोचक है। इनके अलावा 'शरारतों के उस्ताद', 'टीटू तुम फिर आना' और 'बात समझ में आ गई' कहानियां पढ़ने में भी तुमको खूब मजा आएगा। *




**किताब :** बादल रोने लगा, **लेखक :** संजीव जायसवाल 'संजय', **मूल्य :** 260 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## जीके क्विज-156

1. मिस वर्ल्ड-2025 का खिताब किसने जीता?
2. किस टीम ने आइपीएल-2025 की ट्रॉफी जीती?
3. भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम का नया कप्तान किसे चुना गया है?
4. भारत की पहली महिला मुख्य चुनाव आयुक्त कौन थीं?
5. अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया जाता है?
6. स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7. भारत का सबसे छोटा राज्य कौन-सा है?
8. किस देश को पछाड़कर भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी वाला देश बन गया है?
9. न्यूजीलैंड की राजधानी कहां है?
10. ओजोन परत को नुकसान पहुंचाने के लिए मुख्य रूप से कौन-सी गैस जिम्मेदार है?



बच्चो, जीके क्विज-155 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-155 का उत्तर :** 1.अनीता आनंद, 2.बानू मुश्ताक, 3.यूएसएस नाटलिस, 4.संजय मल्होत्रा, 5.कर्नाटक, 6.इटली, 7.पृथ्वीराज चौहान, 8.लैक्टोबेसिलस, 9.मैंगीफेरा इंडिका, 10. 5 जून

**जीके क्विज-155 का सही उत्तर देने वाले :** कबीर-हिसार, कोमल-रायपुर, जयंत-बिलासपुर, हर्षित- दुर्ग, दिव्या-बलौदा बाजार, संकेत-महासमुंद, कुंदन-भोपाल, आकाश-रायगढ़, शिवम-मटियारी, चिराग-रोहतक, सचिन-महेंद्रगढ़

कहानी
मोहम्मद अरशद खान

कल ही हमने पर्यावरण दिवस मनाया है। पेड़-पौधे हमारे जीवन में ही नहीं, हर जीव जंतु के लिए कितने महत्वपूर्ण हैं, यह कहानी यही बता रही है। अप्पू ने अपने घर के लॉन में लगे एक घने, विशाल पेड़ को जिद करके कटवाना चाहा तो हाहाकार-सा मच गया। क्या अप्पू को पेड़ काटने का इरादा छोड़ना पड़ा?

# अप्पू और पेड़

अप्पू के लॉन में एक पेड़ था। पेड़ पर कौए दिन भर शोर मचाते रहते थे। बंदर भी खूब उछल-कूद करते। हवा चलती तो कमरे में ढेर सारी सूखी पत्तियां भर जातीं। अप्पू को इन चीजों से बड़ी उलझन होती। एक दिन अप्पू ने परेशान होकर पापा से कहा कि पेड़ कटवा दें। पापा ने उसे बहुत समझाया लेकिन वह नहीं माना। आखिरकार उसकी जिद पर पापा पेड़ कटवाने पर राजी हो गए।

अगले दिन अप्पू हमेशा की तरह अपने कमरे में बैठा पढ़ रहा था। अचानक खिड़की पर 'चीं-चीं' की आवाज सुनाई दी। उसने देखा एक चिड़िया अपने दो बच्चों के साथ बैठी उसकी ओर देख रही थी। उसका चेहरा उदासी से लटका हुआ था।

'तुम्हें क्या हुआ नन्ही चिड़िया?' अप्पू ने पूछा।

चिड़िया ने बताया, 'अप्पू, मैं तुम्हें अलविदा कहने आई हूं।' अप्पू चिड़िया की बात सुनकर हैरान रह गया।

'सुना है यह पेड़ कटने जा रहा है। अब नए घर की तलाश में मुझे कहीं और जाना होगा। मेरे बच्चे अभी छोटे हैं। वे लंबी उड़ान नहीं भर सकते। रास्ते में चील-कौओं का भी खतरा रहेगा। इसलिए मैं बहुत परेशान हूं।' चिड़िया यह कह कर दुःख से चेहरा लटकाए चली गई।



अप्पू चिड़िया को पुकारना ही चाहता था कि तभी एक गिलहरी खिड़की पर चढ़ आई। उसका चेहरा भी उतरा हुआ था। वह दुखी स्वर में बोली, 'यह पेड़ मुझे बहुत प्यारा था। मैं इसकी गोद में खेल-कूदकर बड़ी हुई हूं। इसे छोड़ते हुए बहुत दुख हो रहा है, लेकिन जब यह पेड़ ही नहीं रहेगा तो मैं यहां रह कर क्या करूंगी?' गिलहरी उदासी से मुंह लटकाए चली गई। अप्पू उसकी हिलती हुई पूंछ तब तक देखता रहा, जब तक वह लॉन की दीवार से नीचे नहीं उतर गई।

तभी अप्पू की नजर लाइन बना कर जाती हुई चींटियों पर पड़ी। वे हड़बड़ी में थीं, अपने अंडे उठा कर भागी जा रही थीं। 'तुम सब कहां भागी जा रही हो?' अप्पू ने चींटियों से पूछा। 'इस पेड़ की जड़ों में हमारी बांबी थी, लेकिन अब यह पेड़ कटने वाला है, इसलिए हम लोग यह जगह छोड़कर जा रही हैं।' कहते हुए चींटियों का झुंड आगे बढ़ गया।

तभी खिड़की के पल्लों को खटखटाती हुई ठंडी हवा अंदर आई। अप्पू को बहुत अच्छा लगा। उसने कहा, 'धन्यवाद हवा, तुम्हारी वजह से हमें कितनी राहत मिलती है।'

हवा बोली, 'लेकिन अप्पू, मैं यह कहने आई हूं कि आज के बाद से मैं इधर नहीं आया करूंगी। पेड़ से मेरी दोस्ती थी। उसकी वजह से मैं इधर खिंची चली आती थी, लेकिन अब मेरा आना इधर नहीं हो पाएगा। अब यहां मेरी छोटी बहन गर्म हवा आया करेगी।' हवा की बात सुनकर अप्पू एकदम घबरा गया।

हवा के जाते ही बादल का एक टुकड़ा खिड़की पर आकर टिक गया और बोला, 'मैं भी तुम्हें अलविदा कहने आया हूं, अप्पू। पेड़ जब गर्मी से परेशान हो जाता था तो वह हवाओं से संदेश भिजवाता था। मैं आकर गर्मी से तप रही धूल सनी पत्तियों को अपनी फुहारों से धो देता था। फिर हम दोनों मिल कर खूब बातें करते थे। अब उसके बिना यहां आकर मैं क्या करूंगा?' इतना कह कर बादल आसमान में ऊपर उठ गया और धीरे-धीरे गायब हो गया।

अप्पू ने देखा फूल, रंग, खुशबू सब धीरे-धीरे गायब हो रहे हैं। वह यह सब देखकर डर गया। वह चीख पड़ा, 'नहीं-नहीं यह पेड़ नहीं कटेगा ..पेड़ नहीं कटेगा... मम्मी...! पापा...!'

'क्या हुआ अप्पू? नींद में क्या बड़बड़ा रहे हो?' मम्मी अप्पू को जगाती हुई बोलीं। दरअसल, अप्पू पढ़ते-पढ़ते मेज पर ही सिर रख कर सो गया था।

'अच्छा, तो यह केवल एक सपना था!' अप्पू ने चैन की सांस ली और माथे का पसीना पोंछने लगा। उसने खिड़की से बाहर झांक कर देखा। पेड़ की पत्तियां धूप में चमक रही थीं। वह पेड़ हवाओं के साथ सुर में सुर मिला कर गा रहा था। अप्पू भाग कर बाहर आया और उसने पेड़ को अपनी बांहों में भर लिया। अप्पू ने मन ही मन तय कर लिया था कि वह पापा से कह देगा कि अब इस पेड़ को नहीं कटवाएं। *

कविता
राकेश चक्र




## कुल्फी लगे बड़ी कमाल

उमस, गर्मी से बेहाल।
ताजा नीर करे निहाल।।
घूंट-घूंट से बुझे प्यास है।
घड़ा, सुराही नीर स्वाद है।
कुल्फी लगे बड़ी कमाल।।
चिप-चिप-चिप-चिप बहे पसीना।
जून-जुलाई तपे महीना।
कहीं भरे सरोवर ताल।।
कहीं बाढ़ से मची तबाही।
ग्लोबल वार्मिंग दौड़ी आई।
एसी, वाहन मायाजाल।।
हमें प्रदूषण कम करना है।
पौध रोप खुशियां भरना है।
तब तपन का आए काल।।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए दोनों चित्रों में टीना अपने लवली डॉगी के साथ खड़ी है। एक जैसे दिखने वाले इन दोनों चित्रों में छह अंतर हैं। तुम्हें पांच मिनट में ये सभी अंतर खोजकर बताने हैं। फटाफट सारे अंतर बताओ।




उत्तर: 1.डॉगी की पूंछ दिख रही है। 2.डॉगी की दोनों आंखें बंद हैं। 3.डॉगी की जीभ बाहर निकली हुई है। 4.टीना ने दो चोटियां बनाई हुई हैं। 5.टीना का मुंह बंद है। 6.टीना की टी-शर्ट पर अंग्रेजी में 'गर्ल्स' नहीं लिखा हुआ है।

## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां पेड़ से फल तोड़ती हुई एक लड़की का चित्र दिया गया है। इस चित्र का एक हिस्सा कटा हुआ है। चित्र के बगल में दिए गए तीन ऑप्शंस में से तुम सही कटआउट को खाली जगह पर लगाकर चित्र पूरा करो।




उत्तर : A

## खबर संक्षेप

### दो सगे भाई चोरीशुदा बाइक सहित गिरफ्तार

**सिरसा।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने फ्रेंडस कॉलोनी सिरसा क्षेत्र में हुई बाइक चोरी के आरोपी दो सगे भाईयों को चोरीशुदा बाइक सहित काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राधे श्याम ने बताया कि बीती 2 मई 2025 को गुरप्रीत सिंह पुत्र हजारा सिंह निवासी फ्रेंडस कॉलोनी सिरसा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने बाइक घर के बाहर खड़ा किया था। थोड़ी देर बाद देखा तो बाइक नहीं मिली।

### भारतीय भाषा समर कैंप में हुई विविध गतिविधियां

**सिरसा।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बप्पां में आयोजित भारतीय भाषा समर कैंप के चौथे दिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। नरेश कुमार ग्रोवर ने विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के भारतीय मसालों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बच्चों ने इन मसालों के नाम विभिन्न भारतीय भाषाओं में सीखे और उनके उपयोग से बनने वाले स्वादिष्ट व्यंजनों के बारे में जाना।

### बिश्नोई पंथ में मंत्रों का विशेष महत्वः संत संदीप

**सिरसा।** श्री गुरू जंमेश्वर मंदिर परिसर में समाज के छात्र-छात्राओं के लिए चल रहे सात दिवसीय जांभाणी संस्कार शिविर में नाढोड़ी से आए संत संदीप ने उपस्थित विद्यार्थियों को श्री गुरु जांभोजी द्वारा प्रदत मंत्रों संध्या, सुगरा, बालक, साधु तथा कलश व पाहल मंत्र की विशेषता बताई तथा विस्तार से चर्चा की। उन्होंने वील्हो व साहबराम राहड़ द्वारा निर्मित धूप मंत्र का भी उल्लेख किया।

### राहुल गांधी के हरियाणा दौरे से कांग्रेस उत्साहितः केडिया

**सिरसा।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के हरियाणा दौरे से पार्टी की प्रदेश इकाई में उत्साह का माहौल है। उनके आगमन के बाद पार्टी कार्यकर्ता इस बात को लेकर आश्वस्त हैं कि पार्टी में उनका सम्मान बढ़ेगा। नवीन केडिया ने जारी बयान में कहा कि हरियाणा में संगठन के बिना कांग्रेस ने लोकसभा और विधानसभा का चुनाव लड़ा और शानदार प्रदर्शन

### सीएम से मिलेगा राज्य प्रतिनिधिमंडलः जगजीत

**सिरसा।** नंबरदार एसोसिएशन की बैठक वीरवार को को टाउन पार्क सिरसा में जिला प्रधान जगजीत सिंह व तहसील प्रधान राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में जिला प्रधान सभी नंबरदारों से मुखातिब हुए। मीटिंग में नंबरदारों की मांगों को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं जल्द ही एसोसिएशन का स्टेट शिष्टमंडल मुख्यमंत्री से समय लेकर मिलने का निर्णय लिया गया।

### सबमर्सीबल मोटर सहित हजारों का सामान चोरी

**फतेहाबाद।** चोरों ने गांव ढाण्ड में एक खेत में घुसकर वहां से सबमर्सीबल मोटर सहित हजारों का सामान चोरी कर लिया। इस बारे पीड़ित किसान द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव ढाण्ड निवासी भजनलाल ने कहा है कि उसने गांव में हिस्से पर जमीन ली हुई है। रात को अज्ञात चोर उसके खेत में घुस गए और वहां से सोलर सबमर्सीबल की मोटर, केबल के अलावा कमरे में रखी खाद और मूंगफली की बीज चोरी कर ले गए।

### बाइक चुराने के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा वाहन चोरों की धरपकड़ को लेकर शुरू किए गए अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस ने नागरिक अस्पताल से मोटरसाइकिल चुराने के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकउे.गए युवकों की पहचान परमजीत उर्फ बॉबी पुत्र बिन्द्र सिंह निवासी वार्ड नं. 7 सरदूलगढ़, पंजाब व मनीराम उर्फ मनी पुत्र चरणा राम निवासी डिब्बा हरी सिंह वाली, मीरपुर कलां, जिला मानसा के रूप में हुई है।

## हांसपुर रोड पर जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम की कार्रवाई

# अवैध रूप से बनी इंटरलॉक टाइल फैक्ट्री और बिस्कुट फैक्ट्री पर चला पीला पंजा

- नोटिस के बाद भी नहीं हटाया अवैध निर्माण, इसके बाद की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



हांसपुर रोड पर अवैध निर्माण गिराती जेसीबी मशीन



जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने वीरवार को हांसपुर रोड पर अवैध रूप से बनाई गई इंटरलॉक टाइल फैक्ट्री, बिस्कुट फैक्ट्री और दो दुकानों को जेसीबी की मदद से गिरा दिया। इस निर्माण को लेकर नगर योजनाकार विभाग से कोई परमिशन नहीं ली गई थी। नियमानुसार यहां निर्माण के लिए भूमालिक को सीएलयू लेना अनिवार्य है। डीटीपी विभाग ने जमीन मालिक महेन्द्र सिंह को नोटिस दिया लेकिन भू मालिक ने न तो नोटिस का कोई जवाब दिया और न ही अवैध निर्माण को तोड़ा।

मिली जानकारी के अनुसार हांसपुर रोड पर बालाजी इंटरलॉक टाइल फैक्ट्री व उसके साथ ही एक बिस्कुट फैक्ट्री बनी हुई थी। जमीन मालिक महेन्द्र सिंह ने यह जमीन फैक्ट्री संचालकों को किराये पर दे रखी थी। इस जमीन पर तीन संचालकों ने अपने व्यवसायिक संस्थान बना रखे थे। इनमें से एक टाइल फैक्ट्री, दूसरा मालिक फैक्ट्री व तीसरे ने यहां दो दुकानें और उसके पीछे कमरे का निर्माण कर रखा था। नोटिस के बाद भी जब यहां से अवैध निर्माण नहीं हटाया गया तो वीरवार को जिला नगर योजनाकार की टीम डीटीपी अंजू रानी के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और पीले पंजे की मदद से इस निर्माण को गिरा दिया। डीटीपी अंजू रानी ने बताया कि हांसपुर रोड पर फैक्ट्री संचालकों ने बिना अनुमति के निर्माण किया हुआ था।



किसी ने यहां शेड बनवाए हुए थे, तो किसी ने चारदीवारी बनवाई हुई थी। इन सभी को तोड़ दिया गया। तोड़ने से पहले अवैध निर्माण करने वालों को नोटिस भी जारी किए गए थे।

### पहले दिए थे निर्देश

इन फैक्ट्री संचालकों को पहले अपने स्तर पर ही निर्माण हटाने के निर्देश दिए थे, मगर उन्होंने संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो अथॉरिटी ने यह कार्रवाई की है। डीटीपी अंजू रानी ने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति जिला नगर योजनाकार के अधीन क्षेत्र में बिना अनुमति निर्माण कार्य न करें। अगर ऐसा कोई निर्माण कार्य मिला तो उस पर जेसीबी चलवा दी जाएगी। अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



सिरसा। गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते कृषि विशेषज्ञ।

## भूमि को उपजाऊ रखने के लिए ग्वार को फसलचक्र में रखेंः यादव

- गांव रिसालियाखेड़ा में किसान गोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

कृषि विशेषज्ञ डॉ. बीडी यादव ने कहा कि ग्वार फसल बरानी क्षेत्रों की एक महत्वपूर्ण फसल है। खरीफ फसलों में यह एक मुख्य फसल जानी जाती है।

यह सूखे को सहन करने में काफी क्षमता रखती है। ज्यादातर ग्वार की बिजाई बरसात पर आधारित है परंतु कुछ किसान नहर के पानी की उपलब्धता होने पर पानी लगाकर ग्वार की बिजाई करते हैं।

डा. बीडी यादव गुरुवार को सिरसा जिला के गांव रिसालियाखेड़ा में कृषि विभाग के सहयोग से आयोजित किसान गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। गहरी जुताई करने से पहले गोबर की तैयार खाद अवश्य डालें, इससे भूमि में सुधार होता है। उन्होंने कहा ग्वार एक दलहनी फसल होने के नाते वायुमंडल से नाईट्रोजन लेकर पौधों को देती है तथा फसल पकने पर इसके पत्ते झड़कर जमीन पर गिरकर जैविक खाद का काम करते हैं। इसलिए किसानों को सलाह दी जाती है कि नरमा को ग्वार के फसलचक्र में अवश्य रखें। उन्होंने उखेड़ा रोग को ग्वार की एक मुख्य बीमारी बताया और इसकी रोकथाम के लिए बीजोपचार ही एक मात्र हल बताया।

### खेती की नई तकनीक अपनाने पर दिया जोर

डॉ. पवन यादव ने खेती की पुरानी पद्धति छोडक़र नई तकनीक अपनाने पर विशेष जोर दिया और किसानों से आह्वान किया कि किसान कृषि वैज्ञानिकों व अधिकारियों के संपर्क में रहें, जिससे उन्हें आधुनिक तकनीक की जानकारी मिलती रहें। इसके साथ-साथ उन्होंने किसानों प्राकृतिक खेती के बारे में प्रेरित किया। इसके अलावा मेरी फसल मेरा ब्यौरा के बारे में समय पर कृषि अधिकारी के संपर्क में रहें।

## एसएस गर्ल्स स्कूल के खिलाड़ियों ने दो सिल्वर पदक किए प्राप्त

- खिलाड़ियों का फूल मालाओं के साथ किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित चौथी कैडेट एंड जूनियर नेशनल चैंपियनशिप 2025 (क्योरुगी - पूमसे) में शाह सतनाम जी गर्ल्स स्कूल की खिलाड़ियों ने दो रजत पदक जीतकर स्कूल व प्रदेश का नाम रोशन किया है। विजेता खिलाड़ियों का स्कूल में पहुंचने पर प्रिंसीपल डा. शीला पूनियां की ओर से उन्हें मेडल व फूलमालाएं पहनकार भव्य स्वागत किया गया।



सिरसा। विजेता खिलाडियों के साथ स्कूल प्रिंसीपल। फोटो : हरिभूमि

प्रिंसीपल डा. शीला पूनिया ने कहा कि चौथी कैडेट एंड जूनियर नेशनल चैंपियनशिप 2025 में ग्यारहवीं की अमानत व बारहवीं की कमलदीप कौर ने एक-एक रजत पदक जीता है। इसके अलावा दसवीं कक्षा की अंशिका 11वीं की सेजल व इसी कक्षा की ख्याति की प्रतिभागी रही है। उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत को सराहना की।

## योगा में सुरेंद्र ने जीता कांस्य पदक

**सिरसा।** पंचकूला जिले में स्पोट्र्स डिपॉर्टमेंट हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता (लडक़े व लड़कियां) का आयोजन ताऊ देवीलाल स्पोट्र्स कांप्लेक्स, सेक्टर 3 में बीती 1 जून से 4 जून तक किया गया, जिसमें हरियाणा राज्य के 22 जिलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। योगाचार्य सुनील स्वामी ने बताया कि प्रतियोगिता में 3 आयु वर्ग के खिलाड़ी 9 से 14, 14 से 18 व 18 से 28 आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल रहे। 14 से 18 आयु वर्ग एकल प्रतियोगिता में सिरसा जिले के बकरियांवाली गांव निवासी सुरेंद्र ने तीसरा स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक प्राप्त किया और अपने गांव व जिले का नाम रोशन किया।

## क्षत्रिय महासभा ने महाराजा रज्जू राव भदौरिया को जयंती पर किया नमन

- महासभा के सदस्यों ने महाराजा रज्जू राव भदौरिया के चित्र पर पुष्प अर्पित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। महाराजा रज्जू राव भदौरिया की जयंती पर उन्हें नमन करते क्षत्रिय राजपूत महासभा के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

भदौरिया वंश के कुलदीपक महाराजा रज्जू राव भदौरिया की जयंती गुरूवार को क्षत्रिय राजपूत महासभा फतेहाबाद द्वारा धूमधाम से मनाई गई। महासभा के सदस्यों ने महाराजा रज्जू राव भदौरिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षत्रिय राजपूत महासभा के प्रधान जितेन्द्र भदौरिया व कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन चंदेल ने संयुक्त रूप से की। कार्यक्रम में विशेष तौर पर महासभा के सरंक्षक ठाकुर सुखदेव सिंह, वरिष्ठ सलाहाकार विजय चौहान, सरपंच प्रतिनिधि दिनेश चंदेल रत्ताटिब्बा, सहसचिव रणबीर भाटी, कोषाध्यक्ष रोशन लाल, संजीव चंदेल, धीरज चारण, धर्मेन्द्र, अतुल, जगदीश छौक्कर सहित अनेक सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर जीटी रोड स्थित लजीज होटल के बाद छबील भी लगाई गई।

## शादी कर विदेश ले जाने के नाम पर लाखों हड़पे, बिचौलिया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

शादी के बाद विदेश ले जाने का लालच देकर जाखल के परिवार से लाखों रुपये हड़पने के मामले में कार्रवाई करते हुए जाखल पुलिस ने बिचौलिये को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान परमपाल सिंह पुत्र आत्मा सिंह निवासी गोलेवाला जिला फरीदकोट, पंजाब के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार इस बारे पुलिस ने 27 अक्टूबर 2022 को जाखल निवासी शमशेर सिंह की शिकायत पर केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके जानकार रविन्द्र उर्फ रिन्कू पुत्र हरबंस निवासी जमालपुर ने कहा कि रमनप्रीत कौर पुत्री प्रीतपाल सिंह निवासी गांव झाडीवाला, के पास कनाडा की पीआर है और उसका परिवार शादी के लिए भारतीय लडक़ा देख रहे हैं। वह अपने लडक़े गुरप्रीत की शादी रमनदीप से करवा दे जिसके बाद वह उसे अपने साथ कनाडा ले जाएगी। रविन्द्र ने उसे लडक़ी पक्ष के बिचौलिये परमपाल से मिलवाया। रविन्द्र ने शादी के बदले लडक़ी के परिवार को 20 लाख रुपये देने की बात कही। परमपाल व रविन्द्र की बातों में आकर उसने करीब 13 लाख रुपये दे दिए। 12 अगस्त 2018 को गुरप्रीत व रमनप्रीत की रतिया में शादी हुई, जिसमें उसने 3 लाख रुपये खर्च किए जबकि 3 लाख रविन्द्र ले गया।

## प्रेम वस्त्र भंडार पर फायरिंग कर फिरौती मांगने के मामले में एक और गिरफ्तार

- अब तक 8 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिले के प्रमुख कपड़ा व्यापारी गांव माजरा के प्रेम वस्त्र भण्डार पर फायरिंग कर फिरौती मांगने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान विक्की उर्फ सुखदेव निवासी आयालकी के रूप में हुई है। इस मामले में अब तक 8 आरोपियों लखविंदर उर्फ बिंदी निवासी भिरडाना, रिंकू निवासी अयाल्की, सुरेंद्र निवासी आजाद नगर, रावल उर्फ राहुल उर्फ बच्ची निवासी



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में फिरौती मामले में पकड़ा गया युवक।

भाटिया कॉलोनी फतेहाबाद, अभिजीत उर्फ निंजा निवासी ढाणी ईशर, गुरदास उर्फ बिल्ला निवासी खुम्बर व सुमित निवासी नागपुर को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने गांव माजरा निवासी प्रेमचंद पुत्र रामकिशन की शिकायत पर दर्ज किया गया था। प्रेमचंद ने बताया कि वह अपने पुत्रों जयकिशन, पवन व सोनू के साथ गांव माजरा में प्रेम वस्त्र भंडार नामक कपड़े की दुकान बीते लगभग 55 वर्षों से चला रहे हैं। 2 नवम्बर 2024 को शाम लगभग 4:10 बजे तीन नकाबपोश युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दुकान के सामने पहुंचे। आरोपियों ने दुकान के बाहर एक धमकी भरा पत्र फैंका और शारदा हनुमान मंदिर की दिशा में फरार हो गए। धमकी पत्र में 20 लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई थी।

## खबर संक्षेप

### बैजलपुर गांव में पूर्व मनरेगा मेट पर जानलेवा हमले के मामले में दो आरोपियों को भेजा जेल

**भूना।** बैजलपुर गांव में पूर्व मनरेगा मेट दारा सिंह पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार देर रात पकड़े गए आरोपियों की पहचान मुकेश उर्फ जोगा और प्रीतम के रूप में हुई। दोनों बैजलपुर गांव के रहने वाले हैं। वीरवार को पुलिस ने दोनों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। शिकायतकर्ता दारा सिंह ने बताया कि 19 मई को गांव में हुई महापंचायत में उसने ूर्व सरपंच दंपति के कार्यकाल में हुई गड़बड़ियों का खुलासा किया था।

### जिला जेल में जागरूकता शिविर का आयोजन

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल में दीवारों के भीतर न्याय-कानूनी अधिकारों के साथ कैदियों को सशक्त बनाना अभियान के तहत जागरूकता शिविर लगाए जा रहे हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कैदियों को किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े और उन्हें किसी भी तरह की हिंसा या शोषण से मुक्त करवाया जाए। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हिरासत में सभी कैदियों/व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान करता है।

### योग दिवस को लेकर एसडीएम ने ली बैठक

**रतिया।** उपमंडलाधीश सुरेश कुमार ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 21 जून को उपमंडल स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन सुबह 7 बजे से 8 बजे तक अनाज मंडी शैड में करवाया जाएगा। योग दिवस कार्यक्रम को लेकर सभी विभाग अपने से संबंधित प्रबंध व व्यवस्था को समय रहते पूरा करना सुनिश्चित कर ले, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। एसडीएम ने कहा कि हर वर्षो की भांति हमें इस वर्ष भी अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम को उत्साह और भव्यता के साथ मनाना है। योग दिवस के दृष्टिगत योग प्रोटोकॉल की तैयारी के लिए संबंधित विभाग अभ्यास कराएं।

### अखिल भारतीय धर्म सभा ने लगाई मीठे पानी की छबील

**फतेहाबाद।** निर्जला एकादशी के उपलक्ष्य में जवाहर चौक में अखिल भारतीय धर्म सभा की ओर से आज गुरुवार को ठंडे मीठे पानी की छबील लगाई गई। इस दौरान आने जाने वाले राहगीरों को गर्मी से राहत देने का प्रयास किया गया। सभा के प्रधान दीपक टांटिया के नेतृत्व मे लगाई गई छबील पर सभा के पुरूषोत्तम बड़ोपलिया, पूनमचन्द बडोपलिया, उमेश गोयल, विद्याधर, सुरेश वर्मा, शाम लाल, नारायण दास आहूजा, मिष्टी और जतिन आदि ने सेवाएं दी।

### श्री गोशाला में कैंसर जागरूकता शिविर 7 जून को

**सिरसा।** अमेरिकन ऑनकोलॉजी इंस्टीट्यूट हिसार के तत्वावधान में हरियाणा स्टेट पेंशनर्स समाज सिरसा व बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट के सिरसा के सहयोग से 7 जून को सुबह 11.30 बजे कैंसर के प्रति एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज के जिला अध्यक्ष राजेंद्र मोहन गुप्ता व बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी ने संयुक्त रूप से बताया कि श्री गोशाला के कांफ्रेंस हॉल में इस शिविर में अमेरिकन ऑनकोलॉजिस्ट इंस्टीट्यूट के कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ. मुकेश कुमार जांदू मुख्य वक्ता होंगे। डॉ. जांदू इस जागरूकता शिविर में कैंसर से बचने के उपाय, खानपान व कैंसर के बाद की जिंदगी के बारे में विस्तार से जानकारी देंगे। उन्होंने बताया कि सिरसा सहित पूरा हरियाणा कैंसर की चपेट में है और अधिकतर मौतें कैसर से हो रही हैं।

**निवारण** एसडीएम राजेश कुमार व नगराधीश गौरव गुप्ता ने सुनीं लोगों की समस्याएं

## भट्टूकलां में बस स्टैंड पर नहीं पहुंच रही बसें, समाधान शिविर में की शिकायत

समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार निपटान करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एसडीएम राजेश कुमार व नगराधीश गौरव गुप्ता ने नगराधीश गौरव गुप्ता ने वीरवार को लघु सचिवालय में स्थित बैठक कक्ष में आयोजित समाधान शिविर में संयुक्त रूप से नागरिकों की शिकायतों पर सुनवाई की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शुक्रवार लंबित शिकायतों बारे सरकार के उच्च अधिकारियों द्वारा रिव्यू किया जा रहा है। इसलिए समाधान शिविर में जो भी शिकायतें प्राप्त होती है



फतेहाबाद। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों पर सुनवाई करते अधिकारी।

उसका प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निपटान करना सुनिश्चित करें। समाधान शिविर में फतेहाबाद निवासी रविन्द्र कुमार ने पीपीपी में पता बदलवाने, गांव माजरा निवासी गुरप्रीत कौर ने आयुष्मान कार्ड बनवाने, जाखल निवासी बिन्दू ने स्वीपर के पद पर रखने, फतेहाबाद निवासी शैलजा ने राशन गलत तरीके से लेने पर कार्यवाही करने, फतेहाबाद निवासी ओमप्रकाश ने मेडिकल बनवाने, गांव धांगड़ निवासी सुंदरलाल ने एफआईडीआर में गाड़ी हटवाने, गांव बड़ोपल निवासी विष्णु ने धमकियां देने के विरूद्ध कार्यवाही करने, गांव मताना निवासी शमशेर ने पीपीपी में इनकम कम व राशन कार्ड बनवाने, गांव बनमंदोरी निवासी बलबीर सिंह ने भट्टूकलां में बसों के बस स्टैड पर ना आने, गांव बनगांव निवासी प्रताप सिंह ने गांव में सफाई व कूड़ा उठवाने के लिए साधन उपलब्ध करवाने, स्थानीय मॉडल टाउन के समस्त निवासियों की परेशानी बारे, गांव धीड़ निवासी दशरथ ने प्लॉट में मीटर लगवाने, गांव अयाल्की निवासी सुरेश कुमार ने शिकायत दर्ज करवाने, स्थानीय निवासी प्रवेश ने अंबेडकर पार्क लालबत्ती चौकपर पौधे उखाडऩे पर कार्यवाही करने, गांव सरवरपुर निवासी प्रहलाद सिंह ने पीपीपी में आय कम करवाने, गांव बुआन निवासी अमित कुमार ने जाति प्रमाण पत्र बनवाने, ढाणी छतरिया निवासी समस्त ग्रामवासियों ने पीने के पानी की समस्या का हल निकलवाने आदि लोगों ने अपनी समस्याएं रखी।

## जिले में चला 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान, अधिकारियों से लेकर संगठनों ने किया पौधारोपण

# विश्व पर्यावरण दिवस पर लोगों ने लिया जिले को हराभरा करने का संकल्प, विद्यार्थियों से लेकर अधिकारी उत्साह के साथ जुटे



## टोहाना में एसडीएम ने किया पौधारोपण

**टोहाना।** एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर लघु सचिवालय परिसर में पौधारोपण कर प्रकृति के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी का संदेश दिया गया। एसडीएम प्रतीक हुड्डा व डीएसपी उमेद सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण के महत्व का संदेश दिया। पौधारोपण के बाद एसडीएम ने विश्व पर्यावरण दिवस पर कहा कि प्रकृति से जुड़ना केवल एक दिन का कार्य नहीं होना चाहिए। यह एक सतत प्रक्रिया है, जिसमें हमें रोज थोड़ी-थोड़ी भूमिका निभानी है। जब हम एक पौधा लगाते हैं, तो हम केवल हरियाली नहीं, बल्कि जीवन की नींव को मजबूत कर रहे होते हैं। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को साल में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी पूरी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। हमें यह देखना होगा कि लगाए गए पौधे पेड़ बनें, और पेड़ बनकर छांव, ऑक्सीजन और जीवन का आधार बनें। पेड़ लगाना और प्लास्टिक का उपयोग कम करना हमारे पर्यावरण को स्वच्छ और संतुलित रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। इस मौके पर डीएसपी उमेद सिंह, कृषि अधिकारी मुकेश मेहला, सुपरवाइजर सुमन मलिक सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



### प्राण वायु देवता पेंशन योजना के तहत चयनित पेड़ों की पूजा

**फतेहाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत फतेहाबाद जिले के गांव धांगड़ और गांव बनगांव में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान प्राण वायु देवता पेंशन योजना के तहत चयनित किए गए पेड़ों की पूजा की गई वहीं पौधारोपण किया गया। वन मंडल अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 75 साल पुराने पेड़ों की पूजा की गई और हरियाणा सरकार की यह पहल पर्यावरण संरक्षण और वृक्षों की देखभाल को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल हरियाली बढ़ाने में मददगार है बल्कि लोगों को वृक्षों के संरक्षण के लिए भी जिम्मेदार बनाता है। जिले के 334 पेड़ों की पेंशन प्राण वायु देवता पेंशन योजना स्कीम के तहत शुरू हो चुकी है और अभी वन विभाग के पास नए पेड़ों की पेंशन शुरू करने के आवेदक आए हुए हैं। इस मौके पर हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड की जिला समन्वयक भारती अरोड़ा ने बताया कि आज के समय में प्लास्टिक प्रदूषण से पर्यावरण को सुरक्षित रखना चुनौती का विषय है और जिसका हमारे जीवन पर भी बहुत बुरा असर पड़ रहा है इसलिए प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त किया जाना बहुत जरूरी है। वनरक्षक रघुबीर सिंह, डिप्टी रेंजर बंसीलाल ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण कितना जरूरी है इसका अंदाजा बढ़ रही ग्लोबल वार्मिंग असामान्य बदलाव और विलुप्त होते जानवरों और पक्षियों की संख्या मे लगातार कमी हो रही है। धांगड़ की सरपंच सुनीला ने कहा कि हर इंसान को अपने जीवन में पांच पौधे जरूर लगाने चाहिए।



### एमएम कॉलेज में किया पौधारोपण, शिक्षकों ने पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**फतेहाबाद।** मनोहर मैमोरियल कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पर्यावरण विज्ञान विभाग, कैमिस्ट्री और एनएसएस गल्ज व ब्वॉयज यूनिट के संयुक्त तत्वाधान आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलेज के विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया और कॉलेज प्रांगण में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाकर इनकी देखभाल करने और पर्यावरण संरक्षण करने का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एमएम कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। इस अवसर पर डॉ. मीनाक्षी कोहली, प्रो. प्रतिभा मखीजा, डॉ. विकेश चौधरी, प्रो. तारिका नारंग, प्रो. शैंकी सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी मौजूद रहे। विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कहा कि प्रकृति को बचाने के लिए पेड़ लगाना अति आवश्यक है। पेड़ हमारे पर्यावरण को सुरक्षित रखते हैं और हमारे जीवन को बेहतर बनाते हैं। इसलिए, हमें पेड़ लगाने और उनकी रक्षा करने के लिए कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, अगर पर्यावरण सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा तो हम सभी लोग सुरक्षित एवं संरक्षित रहेंगे और बीमारियों से बचे रहेंगे। पर्यावरण की अनदेखी करने से ही हमें आपदाओं का सामना करना पड़ता है। इस दौरान विद्यार्थियों को 'प्रकृति को हरा भरा बनाना है, एक पेड़ मां के नाम लगाना है' नारे के साथ पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलवाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में पीपल, नीम और फल-फूलों के पौधों का रोपण किया। केवल पेड़ लगाना ही नहीं, उनकी देखभाल करने का भी विद्यार्थियों ने संकल्प लिया। डॉ. मीनाक्षी कोहली ने कहा कि इस बार विश्व पर्यावरण दिवस का विषय 'प्लास्टिक प्रदूषण को हराना' है। उन्होंने विद्यार्थियों से प्लास्टिक का प्रयोग न करने का आह्वान किया।

## न्यायाधीश ने लगाए बरगद, कनेर पीपल, नीम, जामुन व अमरूद के पौधे

**फतेहाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर पौधा बने पेड़, हर व्यक्ति बने प्रहरी संकल्प के साथ पौधा रोपण का आयोजन किया गया। पौधारोपण के अवसर पर बरगद, कनेर, पीपल, नीम जामुन, अमरूद के वृक्षों का सामूहिक रूप से पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव गायत्री द्वारा जामुन का पौधा रोपित करके की गई। सीजेएम गायत्री ने कहा कि पौधारोपण का यह कार्यक्रम न केवल विश्व पर्यावरण दिवस तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि वर्ष भर पेड़, पानी प्लास्टिक और प्रदूषण जैसे मुद्दों पर जमीनी और वैचारिक कार्यवाही होनी चाहिए। पर्यावरणीय चेतना केवल औपचारिकता नहीं बल्कि यह जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए। पर्यावरण की रक्षा केवल सरकारी प्रयासों या संस्थागत नीतियों से नहीं बल्कि हर जागरूक नागरिक के संकल्प से संभव है। इस अवसर पर जिंदगी संस्था व नागरिक अधिकार मंच से आए हुए स्वयं सेवकों से यह आह्वान किया कि धरती हमारी माता है और उसका संरक्षण हमारा धर्म इस मूल भावना को अपनाना होगा। इस मौके पर जिंदगी संस्था के अध्यक्ष हरदीप सिंह, एडवोकेट पवन सेठी, पार्षद मोहनलाल नारंग, नागरिक अधिकार मंच संस्था से कन्वीनर राजीव सेतिया, अनिल चौधरी, रविंदर सैनी, संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।



## एडीसी, एसडीएम व अन्य अधिकारियों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में वन विभाग द्वारा जिले में उम्रदराज पेड़ों की पूजा करवाई गई वहीं अनेक स्थानों पर पौधारोपण किया गया। अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने श्री सरसाई नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए पौधरोपण किया वहीं एसडीएम डबवाली अर्पित संगल ने डबवाली स्टेडियम में बेडमिंटन, वालीबॉल तथा पर्यावरण बचाओ टीम के सदस्यों के साथ पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। अतिरिक्त उपायुक्त व एसडीएम ने आमजन से आह्वान किया कि वे धरती को हराभरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उनकी संभाल भी करें। एडीसी ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधे लगाए जाने बहुत जरूरी हैं। यह हर व्यक्ति का दायित्व है कि वह कम से कम हर वर्ष एक पौधा जरूर लगाए। श्री सरसाई नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में मंदिर के महंत सुंदराईनाथ ने अतिरिक्त उपायुक्त को पौधा भी भेंट किया। वन विभाग द्वारा जिले में 12 जगहों पर 75 साल से अधिक आयु के पेड़ों को प्राण वायु देवता मानते हुए विधिविधान के साथ पूजा करवाई गई। जिला वन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के साथ वन विभाग के कर्मचारियों ने गांव नेजिया, मिठीसुरेरां, दौलतपुर खेड़ा सहित अनेक स्थानों पर सुबह ही पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023-24 में राज्य सरकार ने 75 साल से अधिक आयु के पेड़ों को प्राण वायु देवता मानते हुए उनके रखरखाव के लिए पेंशन स्कीम शुरू की। इसी वर्ष सर्वे भी किया गया जिसमें सिरसा जिला में ऐसे पेड़ों की संख्या 287 पाई गई। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने पहले 2750 रुपए प्रति पेड़ प्रति वर्ष देने का फैसला किया था। 75 वर्ष से अधिक आयु के इन पेड़ों को अब तीन हजार रुपए सालाना दिए जाने का निर्णय लागू हो चुका है। इस अवसर पर शिक्षा विद राकेश भाटिया को पर्यावरण रक्षक सम्मान से एसपी डा. मयंक गुप्ता पुलिस सम्मानित किया। उल्लेखनीय है राकेश भाटिया ने गत वर्ष एक निजी स्वयं सेवी संस्था के सदस्यों के साथ मिलकर एक लाख पौधे लगाए थे और वे पर्यावरण प्रदूषण कम करने की दिशा में प्रयासरत हैं। इस अवसर पर गौतम मुंजाल,राज कुमार, हरबंस नारंग, तजिंदर लोहिया व शहर की विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे।






**सिरसा।** महंत सुंदराईनाथ अतिरिक्त उपायुक्त को पौधा भेंट करते तथा राकेश भाटिया को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### राकेश भाटिया पर्यावरण रक्षक सम्मान से सम्मानित

*पार्क सिटी में विश्व पर्यावरण दिवस की अवसर पर पार्क सिटी में एक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. मयंक गुप्ता पुलिस अधीक्षक ने शिरकत की व पौधा भी लगाया।*




### भाजपा कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण कर स्वच्छता अभियान चलाया

**फतेहाबाद।** विश्व पर्यावरण दिवस पर भाजपा शहरी मंडल द्वारा थाना रोड़ पर उद्यम सिंह पार्क में पौधारोपण व सफाई अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने भाग लिया। यह अभियान एक पेड़ मां के नाम' पहल के तहत आयोजित किया गया है। यह अभियान हर नागरिक से अपील करता है कि वह अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाए, जिससे व्यक्तिगत भावनाएं और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का अद्भुत मेल स्थापित हो सके। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने लोगों से आह्वान किया कि वे प्रकृति के प्रति अपने कर्तव्य को समझें और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रकृति मां के समान है, और मां के नाम एक पेड़ लगाकर हम धरती मां की सेवा भी कर सकते हैं। सब मिलकर यह संकल्प लें कि प्रकृति के संरक्षण एवं संतुलन को बनाये रखने के लिए सतत प्रयास करेंगे। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण आवश्यक है। यह हमारा सामूहिक कर्तव्य है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करें। पर्यावरण के साथ साथ पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर बीजेपी नेता अशोक जाखड़, जगदीश शर्मा, विकास शर्मा, डॉ. सुमन बजाज, शम्मी ढिंगड़ा, कंवल चैधरी, राजेश मुटयार, संजय बंसल, परमजीत बेनीवाल, सौरभ रत्ती, धर्मपाल चावला सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान : फतेहाबाद पुलिस ने जिलेभर में लगाए गए सैकड़ों पौधे

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस द्वारा आज पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय पहल करते हुए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पूरे जिले में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर जिले के सभी थाना परिसरों, पुलिस कार्यालयों, चौकियों और पुलिस लाइनों में सैंकड़ों पौधे रोपित किए गए। इस विशेष अभियान के माध्यम से प्रत्येक पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी ने अपनी माँ के नाम एक पेड़ लगाकर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया और इस भावनात्मक पहल को एक सामाजिक अभियान का रूप प्रदान किया। एसपी सिद्धांत जैन ने कहा कि माँ के नाम एक पेड़ लगाना केवल एक प्रतीकात्मक कार्य नहीं, बल्कि यह प्रकृति और मातृत्व दोनों के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम है। पर्यावरण संरक्षण आज की आवश्यकता है और फतेहाबाद पुलिस इस दिशा में भी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा के साथ निभा रही है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा और इसमें अधिक से अधिक पुलिसकर्मियों एवं नागरिकों को जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर आम नागरिकों, विद्यालयों, सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवी संस्थाओं को इस मुहिम से जुडने हेतु प्रेरित किया गया। पुलिस द्वारा छायादार एवं फलदार पौधे वितरित किए गए

## राजकीय महिला कॉलेज में हुआ पौधारोपण

**सिरसा।** राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ एक जिंदगी अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं और स्टाफ सदस्यों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। प्राचार्य ने पौधारोपण कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है और हमें इसके लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। इस अभियान के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधे लगाए गए व छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार ने कहा कि राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में निरंतर कार्य कर रहा है और आगे भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सज्जन कुमार, उपप्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह, रोहताश, डॉ. प्रदीप कुमार, प्रो. मुकेश सुथार, बलजीत सिंह असिस्टेंट, सुखविंद्र कौर लिपिक, ललित कुमार लिपिक, अंकुश मेहता लिपिक, सोहन सिंह चौकीदार, ऋतु रानी सेवादार, प्रोमिला रानी व अन्य मौजूद रहे।

## मुख्त्यार सिंह कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधारोपण

**फतेहाबाद।** गांव बहबलपुर स्थित मुख्त्यार सिंह मैमोरियल पीजी कॉलेज में 3 हरियाणा गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल ज्ञान प्रकाश पांडे के निर्देशानुसार विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संरक्षण और लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने को लेकर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स, शिक्षकों के अलावा डायरेक्टर अमनदीप कौर, प्राचार्य डॉ. ओपी नागपाल तथा एएनओ कुलदीप सिंह ने पौधारोपण किया। प्राचार्य नागपाल ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन के लिए वरदान से काम नहीं है इसलिए हम सबको अपने जीवनकाल में अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए, ताकि प्रकृति के साथ-साथ मानव जीवन की भी रक्षा हो सके। इस अवसर पर महाविद्यालय की गणित विज्ञान की सहायक प्राध्यापिका शेफाली ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ पौधे लगाना अनिवार्य है। पेड़ पौधे तापमान को संतुलित रखने में सहायक होते हैं, इसलिए हमें स्वयं पौधारोपण के साथ-साथ अपने आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

**विद्यार्थियों ने प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया**



### नागरिक अस्पताल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस, अधिकारियों ने लगाए पौधे,पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा रोपण जरूरी : डॉ. बुधराम

**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पौधारोपण अभियान चलाया गया, जिसके तहत अधिकारी व कर्मचारियों ने पौधे लगाकर विश्व पर्यावरण दिवस बनाया और पौधों की देखभाल करने का जिम्मा उठाया। नागरिक अस्पताल के एसएमओ डाू. बुधराम ने कहा कि पौधे के बिना मनुष्य के जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती पौधों के माध्यम से ही पर्यावरण संरक्षण होता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में अधिक से अधिक पेड़ जरूर लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे लगाकर उसकी उचित देखभाल भी करनी चाहिए। जन्मदिन शादी सालगिरह पर अन्य खुशी के मौके पर पौधे लगाकर उसे यादगार मनाया जा सकता है। पौधों से वातावरण शुद्ध रहता है। डॉ. बुधराम ने सभी से आह्वान करते हुए कहा कि अभी बरसात का मौसम आने वाला है इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण कर सभी इसमें अपना-अपना योगदान दे। इस दौरान एसएमओ डॉ. बुधराम सहित सभी अधिकारियों ने पौधे लगाए। पौधारोपण अभियान में एडिशनल एसएसएमओ मेजर डॉ. राजीव तंवर, सीनियर डेंटल सर्जन अधिकारी डॉ. कुलदीप गौरी, डॉ. गुंजन बंसल, ईएनटी सर्जन डॉ. जेपी शर्मा, डॉ. रश्मि, सीनियर नर्सिंग अधिकारी रामरति, रिंका रानी, विनोद कुमारी, शिमला, आईसीएन सुमित्रा रानी, सुपरवाइजर गोपाल बंसल, सत्या बिसला सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी पौधे लगाए।